आईनॉक्स विंड लिमिटेड का सार्वजनिक निर्गम 18मार्च को बाजार में

प्राईजबैंड प्रति 315 रुपये से 325 के बीच तय

अहमदाबाद, 12 मार्च, 2015: गुजरात फ्लूरोकैमिकल्स लिमिटेड की सब्सिडियरी आईनॉक्स विंड लिमिटेड ("कंपनी") द्वारा बुधवार 18 मार्च 2015 को (प्रति इक्विटी शेयर प्रीमियम सहित) 10 रुपये के अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों को सार्वजनिक निर्गम में खोलने का प्रस्ताव है जिसमें लगभग 7,000 मिलियन रुपये के इक्विटी शेयर के फ्रेश इश्यू और ऑफर फॉर सेल के अंतर्गत गुजरात फ्लूरोकैमिकल्स लिमिटेड (विक्रीकर्ता शेयरधारक) (ऑफर फॉर सेल) के 10,000,000 इक्विटी शेयर्स शामिल हैं। फ्रेश इश्यू व ऑफर फॉर सेल को संयुक्त रुप से इश्यू कहा जाता है। इश्यू में प्रतिस्पर्धा के आधार पर 500,000 इक्विटी शेयर्स को योग्य कर्मचारियों के सब्सक्रिप्शन हेतु आरक्षित किया गया है। कर्मचारियों के आरक्षित भाग के अलावा इश्यू को आगे नेट इश्यू कहा जाएगा।

प्रति इक्विटी शेयर की प्राइस बैंड 315 रुपये से 325 रुपये के बीच रखी गई है। यह बिड / इश्यू 20 मार्च, 2015 को बंद होगा। न्यूनतम बिड लॉट 45 इक्विटी शेयरों का होगा और उसके बाद यह 45 इक्विटी शेयरों के गुणकों में होगा।

ग्लोबल कोर्डिनेटर्स व बुक रनिंग लीड मैनेजर्स ("जीसी-बीआरएलएमएस") व बुक रनिंग लीड मैनेजर(बीआरएलएम) (जिन्हे संयुक्त तौर पर मैनेजर कहा जाता है) के कंसलटेशन में कंपनी और बिक्रीकर्ता नें योग्य कर्मचारियों व रिटेल इंवेस्टर्स (रिटेल डिस्काउंट) को निर्गम मूल्य पर 15 रुपये की छूट देने का फैसला किया है।